# प्रतिक्रियाएं / Feedbacks

शोध पत्रिका "विज्ञान प्रकाश" में शोध आलेख प्रस्तुत करने के समय से अंतिम स्वीकृति तक की प्रक्रिया अत्यंत रोचक रही। हिंदी भाषा में तकनीकी शोध पत्र का प्रकाशन हमारे देश से संबंधित विषयों पर शोध को बढ़ावा देने का एक बहुत ही सराहनीय कदम है। मैंने पहले इस शोध पत्र को अंग्रेजी में लिखा लेकिन प्रकाशित होने में कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा, तत्पश्चात मैंने हिंदी भाषा में शोध पत्र को लिखना प्रारंभ किया। हिंदी टाइपिंग में थोड़ी समस्या हुई लेकिन बहुत कुछ सीखने को मिला। इस पत्रिका के संपादक डॉ. ओम विकास सर के मार्गदर्शन में हिंदी भाषा में तकनीकी शोध पत्रिका को एक नया रूप देने की एक सर्वश्रेष्ठ यात्रा रही है। उनके मार्गदर्शन एवं कार्यशैली को अपनाते हुए मैंने इस शोध पत्रिका को प्रकाशित कराने में सफलता प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त मैं सभी समीक्षकों को उनकी निष्पक्ष आलोचनाओं तथा श्रेष्ठ सुझावों के लिए धन्यवाद देती हूं, जिससे कि मेरा शोध पत्र एक सफल संस्करण हो पाया है।

*Authors: Priya Sharma, Rajkiya Engineering College Banda, priyasharma209206@gmail.com*

'विज्ञान प्रकाश' की समीक्षा प्रक्रिया सराहनीय है। प्रारंभिक स्क्रीनिंग के रूप में, संपादक स्वयं इनपुट देने का प्रयास करते हैं जो लेखकों को सही रडार पर रखता है। जर्नल एक विस्तृत प्रश्नावली के साथ कई समीक्षकों को पांडुलिपि (manuscript) भेजता है ताकि समीक्षकों (reviewer) को पांडुलिपि की व्यापक तरीके से जांच करने में सहायता मिल सके। प्राप्त टिप्पणियाँ बहुआयामी थीं और उनसे लेखकों को कई स्थानों पर पांडुलिपि में सुधार करने में मदद मिली। पत्रिका की गुणवत्ता उत्कृष्ट है जिसने लेखकों को अपने शोध कार्य को उत्साह के साथ इसमें प्रस्तुत करने के लिए आकर्षित किया। यह हिन्दी में विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान का प्रसार करने में योगदान दे रहा है जो उल्लेखनीय है। राष्ट्रीय भाषाओं में विज्ञान का ज्ञान नई शिक्षा नीति (छम्च) जनादेश में भी शामिल है और पत्रिका इस ओर सतत प्रयासरत है।

*Authors: Rachana Kumar, Seema Gupta, Ankur Anand, Neeru;*
*rachnakumar@kalindi.du.ac.in, seemagupta@kalindi.du.ac.in, ankuranand@kaindi.du.ac.in*

हिन्दी जर्नल में प्रकाशन का यह पहला अनुभव था और मैं वास्तव में समीक्षकों की उच्च विशेषज्ञता की सराहना करती हूं। समीक्षकों की टिप्पणियाँ और सुझाव मेरे लिए बहुत उपयोगी थीं। मैं ऑनलाइन सबमिशन सेवा और प्रस्तुत मनुस्कृप्त की स्थिति पर नियमित अपडेट से विशेष रूप से प्रभावित हूं। इसमें कुछ समय लगा लेकिन मैं 'विज्ञान प्रकाश' में प्रकाशन के अनुभव से बहुत संतुष्ट हूँ।

*Authors: Garima Mathur, Dr. Anjana Pandey & Dr. Sachin Goyal, UIT RGPV, Bhopal*;
garima41mathur@gmail.com, anjanapandey@rgtu.net, sachingoyal@rgtu.net

लेख जमा करने की शुरुआत से लेकर पेपर की स्वीकृति तक की प्रक्रिया बहुत दिलचस्प है। हिंदी में लेख लिखने में कुछ चुनौतियाँ हैं। हालाँकि, हिंदी भाषा में लेख लिखने से बहुत संतुष्टि मिलती है। इस प्रतिष्ठित पत्रिका की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संपादक बहुत प्रयास कर रहे हैं। मैं इस प्रतिष्ठित पत्रिका में बहुत जल्द एक और लेख जमा करना चाहता हूं, इसका मतलब है कि मुझे समीक्षा प्रक्रिया और "विज्ञान प्रकाश" के संपादकों और टीम के साथ समग्र संचार पसंद है और मैं संतुष्ट हूं। प्रक्रिया का समय उपयुक्त है। प्रतिक्रिया त्वरित है, जो शोधकर्ताओं को अधिक संख्या में प्रकाशनों के लिए लंबे समय तक काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। जर्नल अपनी गुणवत्ता और मानदंड बनाए रखता है, जो एक अच्छा संकेत है। विज्ञान प्रकाश में एक पेपर प्रकाशित करने का मेरा समग्र अनुभव बहुत सकारात्मक और संतोषजनक है।

*Author: Dr Virang H Oza, Dept. of Mech Engg., Shri Labhubhai Trivedi Institute of Engineering and Technology, Rajkot, Gujarat, virang-h@rediffmail.com*